दुर्घटना | मंडला-डिंडोरी मार्ग पर हादसा, मेहंदवानी से आ रही थी बस

तेज रफ्तार यात्री बस अनियंत्रित होकर खेत में पलटी, 7 घायल

नवभारत, मंडला। मंडला-डिंडोरी मार्ग पर मंगलवार दोपहर एक भीषण सड़क हादसा हो गया, जिसमें एक तेज रफ्तार यात्री बस अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खेत में जा पलटी। यह दुर्घटना कोतवाली थाना क्षेत्र की पोंडी चौकी के अंतर्गत आने वाले ग्राम छपरी के पास घटित हुई। हादसे में बस में सवार 7 यात्री घायल हुए हैं, जिन्हें पुलिस और स्थानीय लोगों की मदद से जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

चालक ने खोया नियंत्रण, खेत में जा गिरी बस

जानकारी अनुसार यात्री बस क्रमांक एमपी 51 पी 1931 मेहंदवानी से यात्रियों को लेकर मंडला की ओर आ रही थी। ग्राम छपरी के पास चालक ने अचानक वाहन से अपना नियंत्रण खो दिया। रफ्तार तेज होने के कारण बस सड़क से नीचे उतर गई और सीधे खेत में जाकर पलट गई। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी का माहौल निर्मित हो गया।

पुलिस का त्वरित रेस्क्यू अभियान

दुर्घटना की सूचना मिलते ही पोंडी चौकी पुलिस का बल तत्काल घटनास्थल पर पहुंचा। पुलिस जवानों ने स्थानीय ग्रामीणों की सहायता से त्वरित रेस्क्यू अभियान चलाया और बस के अंदर फंसे घायलों को सुरक्षित बाहर निकालकर तुरंत एंबुलेंस और अन्य वाहनों की मदद से जिला अस्पताल पहुंचाया।

एक की हालत गंभीर, पुलिस जांच जारी

मामले की जानकारी देते हुए पोंडी चौकी प्रभारी रविशंकर पटेल ने बताया कि दुर्घटना में घायल हुए करीब 7 यात्रियों को उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजा गया है। प्रारंभिक रिपोर्ट के अनुसार इनमें से एक यात्री की हालत गंभीर बनी हुई है, जबकि अन्य सभी घायलों की स्थिति सामान्य है और उनका इलाज जारी है। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त बस को मौके से हटाने की तकनीकी कार्रवाई शुरू कर दी है। हादसे के वास्तविक कारणों का पता लगाने के लिए मामले की विस्तृत जांच की जा रही है। हालांकि प्रथम दृष्टया दुर्घटना का मुख्य कारण बस की तेज रफ्तार और स्टेयरिंग से चालक का नियंत्रण हटना माना जा रहा है।

भक्तों के अभिषेक से बीमार हुए पालन हार

दिया जा रहा औषधी युक्त काढ़ा, बंद है भगवान के पट कल निकलेगी रथ यात्रा

मंडला। प्रतिवर्ष भगवान जगन्नाथ जी की रथ यात्रा जिला मुख्यालय के रपटा घाट से निकाली जाती है, इसके पहले ही संसार के पालन हार भगवान जगन्नाथ जी स्वयं बीमार पड़ गए है। जिसके कारण 15 दिनों तक भगवान जगन्नाथ के पट बंद रहते है। इन 15 दिनों तक भगवान जगन्नाथ जी को औषधि युक्त काढ़ा के साथ नीम की गोली, परबल का जूस एवं अरबी उबालकर दिया जा रहा है। भगवान के बीमार होने का कारण विभिन्न प्रकार का जलाभिषेक है। जिसके कारण भगवान बीमार हो गए है। 15 दिन बाद भगवान की रथ यात्रा 16 जुलाई को निकाली जाएगी।

जानकारी अनुसार भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा का आयोजन जिला मंडला में छोटे रपटा घाट स्थित मंदिर से प्रतिवर्ष किया जाता है। इसी के अंतर्गत 16 जुलाई को शहर में धूमधाम से भगवान जगन्नाथ जी की रथ यात्रा निकाली जाएगी। भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा से पहले जगत के पालन हार भगवान जगन्नाथ जी 15 दिनों तक एकांतवास में रहते है। भक्तों द्वारा ज्यादा अभिषेक के कारण भगवान जगन्नाथ 15 दिनों के लिए बीमार हो गए है। इस दौरान भोग पूजन में भगवान को औषधि युक्त काढ़े का भोग लगाया जा रहा है। एकांतवास के दौरान भक्त भगवान के दर्शन नहीं कर पा रहे है। बताया गया कि छोटे रपटा घाट स्थित भगवान जगन्नाथ के मंदिर में पूजन, अर्चन और विभिन्न तीर्थो के जल से प्रभु को स्नान कराया गया था।

वदरान आश्रम में दी जा रही नीम की गोली

वरदान आश्रम संचालक नीलू महाराज ने बताया कि अंजनिया स्थित वरदान आश्रम में भी विगत दिवस भगवान जगन्नाथ जी महाप्रभु का ज्येष्ठाभिषेक जल स्नान कराया गया था। जिसके बाद महाप्रभु बीमार पड़ गये थे। जिसके कारण भगवान जगन्नाथ जी बीमार हो गए है। उनकी औषधियों से सेवा की जा रही है। इस अवधि में आरती, पूजा बंद है एवं जगन्नाथ भगवान को नीम की गोली, परबल का जूस एवं अरबी उबालकर दिया जा रहा है। नीलू महाराज ने बताया कि 15 दिन के बाद भगवान के स्वस्थ होने पर पालन हार को 56 भोग अर्पित किया जाएगा। इसके बाद 16 जुलाई को सुबह 9 बजे वरदान आश्रम में रथयात्रा का आयोजन होगा। इसके बाद जिला मुख्यालय के रपटा घाट में रथयात्रा निकाली जाएगी।

एक नजर में

कक्षा 6वीं में प्रवेश के लिए नवोदय चयन परीक्षा के आवेदन प्रारंभ

मंडला। पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय पदमी द्वारा शैक्षणिक सत्र 2027-28 में कक्षा 6वीं में प्रवेश के लिए आयोजित होने वाली परीक्षा हेतु ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। विद्यालय प्राचार्य ने जिले के सभी शासकीय एवं मान्यता प्राप्त अशासकीय विद्यालयों के पात्र विद्यार्थियों से समय-सीमा के भीतर आवेदन करने की अपील की है। प्राचार्य एसके राय ने बताया कि चयन परीक्षा में वही विद्यार्थी आवेदन कर सकते हैं, जो वर्तमान में जिले के किसी मान्यता प्राप्त विद्यालय में कक्षा 5वीं में अध्ययनरत हैं तथा जिनकी जन्मतिथि 1 मई 2015 से 31 जुलाई 2017 दोनों तिथियाँ सम्मिलित के बीच है। चयन परीक्षा जिले के सभी विकासखंडों में निर्धारित परीक्षा केंद्रों पर आयोजित की जाएगी। आवेदन की अंतिम तिथि 31 जुलाई निर्धारित की गई है। इच्छुक अभ्यर्थी नवोदय विद्यालय समिति के आधिकारिक पोर्टल के माध्यम से नि:शुल्क ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। इस चयन परीक्षा के माध्यम से जिले के लगभग 80 विद्यार्थियों का कक्षा 6वीं से 12वीं तक नि:शुल्क आवासीय शिक्षा के लिए चयन किया जाएगा। प्रवेश प्रक्रिया एवं परीक्षा से संबंधित विस्तृत जानकारी नवोदय विद्यालय समिति के आधिकारिक पोर्टल पर उपलब्ध है।

संतुलित मात्रा में उर्वरकों के उपयोग की सलाह

मंडला। किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग ने जिले के किसानों से खरीफफसलों में संतुलित मात्रा में उर्वरकों का उपयोग करने तथा आवश्यकता अनुसार ई-टोकन प्रणाली के माध्यम से अग्रिम बुकिंग कराने की अपील की है। विभाग के अनुसार जिले में खरीफ सीजन के दौरान लगभग 2.40 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में धान, मक्का, अरहर, मूंग एवं उड़द जैसी प्रमुख फसलों की बुवाई की जा चुकी है।

उपसंचालक कृषि अश्विनी झारिया ने बताया कि किसानों को प्रति हेक्टेयर लगभग 5 बैग यूरिया, 2 बैग डीएपी अथवा एनपीके तथा 1 बैग एमओपी उपलब्ध कराया जा रहा है। यदि किसी किसान को आगामी सीजन के लिए अतिरिक्त उर्वरक की आवश्यकता हो तो वह ई-टोकन प्रणाली के माध्यम से अग्रिम बुकिंग कर सकता है। विभाग ने स्पष्ट किया है कि जिले के सभी कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) ई-टोकन बुकिंग के लिए शासन द्वारा निर्धारित 15 रुपये प्रति ई-टोकन का ही शुल्क ले सकते हैं। इसके अतिरिक्त किसी भी प्रकार का अतिरिक्त शुल्क लेना शासन के नियमों के विरुद्ध है।

आर्यिका श्री 105 विमल मति माता ससंघ का मंगल प्रवेश

चातुर्मास को लेकर जैन समाज में अपार उत्साह

नैनपुर। जिले के लघु तीर्थ क्षेत्र एवं व्रती नगरी के रूप में विख्यात पिंडरई में संत शिरोमणि आचार्य भगवन श्री विद्यासागर जी महाराज की परम प्रभावी शिष्या एवं विद्या शिरोमणि आचार्य महाराज श्री समयसागर की आज्ञानुवर्ती आर्यिका श्री 105 विमल मति माता जी ससंघ का चातुर्मास के लिए भव्य मंगल प्रवेश हुआ। इस वर्ष पिंडरई वासियों को परम सौभाग्य से एक साथ भगवती स्वरूप सात माताओं का पावन सान्निध्य प्राप्त होने जा रहा है, जिसे लेकर पूरे नगर में उत्साह का माहौल है।

सकल दिगंबर जैन समाज ने बड़े ही हर्षोल्लास और भक्तिभाव के साथ आर्यिका संघ की आगवानी की। नगर में प्रवेश के बाद माता जी ससंघ ने स्थानीय जिनालयों के दर्शन और वंदना की। इसके उपरांत, पूज्य आर्यिका मां विमल मति माता जी ने अपनी मंगल देशना (प्रवचन) दी, जिसका लाभ उपस्थित समस्त धर्मप्रेमी बंधुओं ने प्राप्त किया। कार्यक्रम के सफल और सुव्यवस्थित आयोजन को लेकर सकल दिगंबर जैन समाज के अध्यक्ष चौधरी कैलाश चंद्र ने साधु सेवा समिति के पदाधिकारी ऋषभ जैन को जानकारी देते हुए बताया कि पूज्य आर्यिका संघ की भव्य आगवानी में पुलिस और स्थानीय प्रशासन का भरपूर सहयोग प्राप्त हुआ। इस सुचारू व्यवस्था के लिए समाज ने प्रशासन के प्रति अपना गहरा आभार व्यक्त किया है। इस पावन अवसर पर सकल दिगंबर जैन समाज, लघु तीर्थ क्षेत्र व्रती नगरी पिंडरई द्वारा पूरे भारतवर्ष के जैन समाज को एक विशेष आमंत्रण भी भेजा गया है। समाज ने देशभर के श्रद्धालुओं से चातुर्मास के दौरान पिंडरई पधारकर विद्या रूपी समय के सागर की अनंत विमल सरिताओं में डुबकी लगाने और धर्म लाभ अर्जित करने की अपील की है।

कान में लगा था इयरफोन और फंदे पर झूलता मिला निशांत का शव, मोबाइल खोलेगा राज

ध्वजारोहण के पाइप से लटकता मिला 25 वर्षीय युवक का शव

भुआ बिछिया। भुआ बिछिया नगर में मंगलवार तड़के एक 25 वर्षीय युवक का शव फांसी के फंदे पर लटकता पाए जाने से सनसनी फैल गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को फंदे से नीचे उतारा। मौत के कारणों का अभी तक खुलासा नहीं हो सका है और पुलिस हत्या, आत्महत्या या आत्महत्या के लिए प्रेरित किए जाने के सभी पहलुओं पर सघनता से जांच कर रही है।

जानकारी अनुसार मंगलवार सुबह लगभग 5 बजे स्थानीय लोगों ने थाना और नगर परिषद के सामने, विनोद रंगमंच के बाजू में लगे ध्वजारोहण के पाइप में एक युवक का शव लटकता हुआ देखा। लोगों ने तत्काल इसकी सूचना पुलिस और परिजनों को दी। पुलिस की मौजूदगी में शव को फंदे से उतारा गया। मृतक की पहचान भुआबिछिया वार्ड नंबर 2, मुक्ति मार्ग निवासी निशांत नामदेव 25 वर्ष, पिता पप्पू नामदेव के रूप में हुई है। जांच के दौरान मृतक की जेब से एक मोबाइल फोन बरामद हुआ है और उसके कान में इयरफोन लगा हुआ मिला है।

तीर्थ यात्रा पर गए हैं माता-पिता

घटना के वक्त मृतक के माता-पिता घर पर मौजूद नहीं थे। मृतक के पिता पप्पू नामदेव और माता शारदा नामदेव मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन यात्रा के तहत मां कामाख्या देवी के दर्शन के लिए गए हुए हैं। मृतक के भाई सोनू नामदेव ने पुलिस को बताया कि निशांत बीती रात करीब 9.30 बजे अपनी दुकान बंद करके घर लौटा था। वह काफी तनाव में दिख रहा था, लेकिन उसने परिवार में किसी को भी अपनी परेशानी की जानकारी नहीं दी। रात में उसने खाना भी नहीं खाया था। सुबह जब स्थानीय लोगों ने सूचना दी, तब जाकर परिवार को इस दुखद घटना का पता चला। थाना प्रभारी रंजीत सैयाम ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस ने घटनास्थल का पंचनामा बना लिया है। हालांकि मृतक के माता-पिता के शहर से बाहर होने के कारण आज पोस्टमार्टम की कार्रवाई नहीं हो सकी है। माता-पिता के लौटने के बाद ही पोस्टमार्टम किया जाएगा। पुलिस ने जांच के दृष्टिकोण से मृतक का मोबाइल फोन जब्त कर लिया है, जिससे घटना के कारणों की अहम जानकारी मिलने की उम्मीद है। वहीं मृतक की जेब से मिले पैसे और चाबी परिजनों के सुपुर्द कर दिए गए हैं।

नारायणगंज में अतिक्रमण से सड़कें हुई संकरी, रोज लग रहा जाम

पड़रिया में अतिक्रमणकारियों के हौसले बुलंद, पंचायत ने राजस्व विभाग से मांगी मदद

मंडला। तहसील मुख्यालय नारायणगंज के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत पड़रिया के मुख्य मार्गों पर इन दिनों अतिक्रमण की समस्या विकराल रूप ले चुकी है। अतिक्रमण के चलते सड़कें इतनी संकरी हो गई हैं कि आए दिन जाम की स्थिति बन रही है और आवागमन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। इस गंभीर समस्या से निजात पाने के लिए ग्राम पंचायत ने अब राजस्व विभाग को पत्र लिखकर ठोस कार्रवाई की मांग की है।

जानकारी अनुसार पड़रिया ग्राम पंचायत के मुख्य मार्गों पर स्थित दुकानदारों ने अपनी दुकानों की हद बढ़ाकर सड़क तक कब्जा कर लिया है। सड़क तक सामान रखे होने के कारण मार्ग सिकुड़ गया है। इसी मुख्य मार्ग से होकर लोग अस्पताल, स्कूल, बाजार और सरकारी कार्यालयों तक जाते हैं। सड़क संकरी होने से न केवल स्थानीय लोगों को बल्कि बाहर से आने वाले राहगीरों, मरीजों और स्कूली बच्चों को भी भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, जिससे जनता में भारी आक्रोश है। पैदल चलने वालों के लिए भी रास्ता न मिलने पर ग्राम पंचायत पड़रिया के पदाधिकारियों ने संज्ञान लिया है। पंचायत ने राजस्व विभाग को पत्र लिखकर आग्रह किया है कि अतिक्रमण हटाने के लिए पंचायत और विभाग मिलकर एक संयुक्त एवं प्रभावी कार्रवाई करें। पंचायत का मानना है कि इस संयुक्त कार्रवाई से ही यातायात को सुचारू बनाया जा सकेगा और लोगों को रोज-रोज के जाम से मुक्ति मिलेगी।

स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि पंचायत पड़रिया में बाजार और अन्य स्थानों से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई पहले भी कई बार हो चुकी है। लेकिन नियमित मॉनिटरिंग न होने के कारण कुछ दिन बाद ही अतिक्रमणकारी फिर से अपना कब्जा जमा लेते हैं।

मार्बल सिटी हॉस्पिटल के नाम पर साइबर ठगी से हड़कंप

5 रूपए के ऑनलाइन एडमिशन के चक्कर में उड़े एक लाख

मंडला। जबलपुर स्थित प्रतिष्ठित मार्बल सिटी हॉस्पिटल के नाम पर एक बड़ी ऑनलाइन ठगी का मामला प्रकाश में आया है। अस्पताल में मरीज के एडमिशन के नाम पर मात्र 5 रूपए का ऑनलाइन भुगतान करने के झांसे में आकर एक व्यक्ति के बैंक खाते से 1 लाख की राशि उड़ गई। इस घटना के बाद मरीजों और उनके परिजनों में भारी चिंता और हड़कंप का माहौल है।

ऐसे दिया ठगी को अंजाम

साइबर फ्रॉड से पीड़ित ने बताया कि उसने मरीज के इलाज संबंधी जानकारी प्राप्त करने के लिए मार्बल सिटी हॉस्पिटल के आधिकारिक लैंडलाइन नंबर पर कॉल किया था। कॉल रिसीव करने वाले व्यक्ति ने खुद को अस्पताल का कर्मचारी बताया और पहले ऑनलाइन एडमिशन कराने की प्रक्रिया समझाई। इसके बाद ठग ने एक निजी मोबाइल नंबर से पीड़ित को एक संदिग्ध लिंक भेजा और कहा कि एडमिशन के लिए केवल 5 रूपए का औपचारिक शुल्क जमा करना होगा। जैसे ही पीड़ित ने उस लिंक पर अपनी जानकारी दर्ज कर 5 रूपए का भुगतान किया, पलक झपकते ही उसके खाते से एक लाख रूपए की बड़ी रकम कट गई। ठगी का अहसास होने पर जब पीड़ित ने अस्पताल प्रबंधन से संपर्क किया, तो प्रबंधन ने दावा किया कि उनका लैंडलाइन नंबर हैक कर लिया गया है।

पिपरिया घाट में तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त

दो युवक गंभीर रूप से घायल जबलपुर रेफर

निवास। निवास थाना क्षेत्र के अंतर्गत निवास-मंडला मार्ग पर स्थित ग्राम पिपरिया घाट के पास एक तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इस दर्दनाक हादसे में बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। घायलों को निवास के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार देने के बाद उनकी नाजुक हालत को देखते हुए जबलपुर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया है।

जानकारी अनुसार ग्राम मानिकपुर निवासी आदित्य उरेती 17 वर्ष अपनी बाइक से निवास मुख्यालय आया हुआ था। यहां उसकी मुलाकात अपने दोस्त दुर्गेश परस्ते 18 वर्ष, निवासी ग्राम केरीवाह खेरमाई टोला से हुई। आदित्य अपने दोस्त दुर्गेश को बाइक पर बैठाकर उसे घर छोड़ने जा रहा था। इसी दौरान निवास-मंडला मार्ग पर पिपरिया घाट के पास बाइक की रफ्तार तेज होने के कारण वाहन से उनका नियंत्रण खो गया और दोनों सड़क पर गिर पड़े।

राहगीर ने दिखाई संवेदनशीलता, पहुंचाया अस्पताल

हादसे के बाद दोनों युवक काफी देर तक सड़क पर बेहोशी की हालत में पड़े रहे। इसी बीच ग्राम बस्तरी निवासी उमेश बघेल अपने चार पहिया वाहन से निवास की ओर जा रहे थे। उनकी नजर सड़क पर पड़े घायलों पर पड़ी। तत्परता और संवेदनशीलता दिखाते हुए उमेश ने बिना समय गवाए दोनों घायलों को अपने वाहन में बैठाया और तुरंत निवास सीएचसी लेकर पहुंचे, जिससे उन्हें समय पर चिकित्सा मिल सकी।

छत पर काम करते समय हाईटेंशन तार की चपेट में आया युवक, मृत

मंडला। जिले के उपनगर महाराजपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ज्वालाजी वार्ड में मंगलवार को एक दर्दनाक हादसा हो गया। यहाँ घर की छत पर काम कर रहे एक व्यक्ति की हाईटेंशन विद्युत लाइन की चपेट में आने से मौत हो गई। इस आकस्मिक घटना से मृतक के परिवार और इलाके में शोक का माहौल है।

जानकारी अनुसार ज्वालाजी वार्ड निवासी पूना राम नंदा मंगलवार को अपने घर की छत पर कुछ काम कर रहे थे। इसी दौरान वे घर के पास से ही गुजर रही हाईटेंशन लाइन की चपेट में आ गए। हाई वोल्टेज करंट लगने के कारण वे बुरी तरह झुलस गए और मौके पर ही अचेत हो गए।

अस्पताल पहुंचने से पहले ही थम गई सांसें : हादसे के तुरंत बाद बदहवास परिजनों और स्थानीय लोगों ने आनन-फानन में उन्हें जिला अस्पताल पहुंचाया। जिला अस्पताल में जांच के बाद चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मामले की जानकारी देते हुए जिला अस्पताल के डॉक्टर दिव्येश पटैल ने बताया कि पीड़ित को जब अस्पताल लाया गया था, उससे पहले ही उनकी मृत्यु हो चुकी थी।

पुलिस ने शुरू की जांच

घटना की सूचना मिलते ही महाराजपुर थाना पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मर्ग कायम कर लिया है। फिलहाल, पुलिस घटनास्थल का मुआयना कर इस दुखद घटना के सभी पहलुओं की बारीकी से जांच कर रही है।

बैठक | एनकॉर्ड की बैठक में कलेक्टर ने कहा- जिले को नशामुक्त बनाने के लिए जन भागीदारी जरूरी

अगले 3 वर्षों में ड्रग फ्री मंडला बनाने का लक्ष्य : एसपी

नवभारत, मंडला। कलेक्टर राहुल नामदेव धोटे की अध्यक्षता में जिला योजना भवन में नारकोटिक्स कोऑर्डिनेशन समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिले को नशामुक्त बनाने के लिए जनजागरूकता अभियान, विभागीय समन्वय एवं कार्ययोजना की समीक्षा की गई। इस अवसर पर कलेक्टर ने कहा कि नशामुक्ति अभियान को जन अभियान बनाना आवश्यक है, हमें इसकी शुरुआत अपने घर और परिवार से करनी होगी। उन्होंने उद्योग विभाग, आरटीओ, शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग सहित सभी संबंधित विभागों को समन्वय बनाकर व्यापक जनजागरूकता गतिविधियाँ संचालित करने के निर्देश दिए।

पुलिस अधीक्षक राजेश रघुवंशी ने कहा कि जिले को आगामी तीन वर्षों में नशामुक्त बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके लिए सभी विभागों, स्वयंसेवी संगठनों और आमजन के सहयोग से सतत जागरूकता अभियान चलाया जाएगा, जिससे समाज में नशे के प्रति जागरूकता बढ़े और लोग इससे दूर रहने के लिए प्रेरित हों। बैठक में उनके द्वारा बताया गया कि 15 जुलाई से 30 जुलाई तक जिले में नशे से दूरी है जरूरी 2.0 जनजागरूकता अभियान चलाया जाएगा। अभियान के तहत पंचायतों एवं विद्यालयों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे तथा नशामुक्त गांव की अवधारणा को बढ़ावा दिया जाएगा। जिले में एनसीओआरडी के तहत 82 प्रकरणों पर कार्रवाई की गई है तथा एनडीपीएस अधिनियम के तहत 3 प्रकरण दर्ज किए गए हैं। साथ ही कुल 111 आरोपियों की गिरफ्तारी की जा चुकी है। इसके अतिरिक्त 138 स्वयंसेवक नशामुक्ति अभियान से जुड़े हैं। बैठक में नशामुक्त मित्र तैयार करने एवं विभिन्न स्तरों पर जनजागरूकता बढ़ाने पर भी जोर दिया गया। बैठक में एडीएम राजेन्द्र कुमार सिंह, एडिशनल एसपी शिवकुमार वर्मा, सीईओ जिला पंचायत शाश्वत सिंह मीना, संयुक्त कलेक्टर हुनेन्द्र घोरमारे, एसडीएम श्रीमती सोनल सिडाम, डिप्टी कलेक्टर संस्कार बावरिया सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

नए सत्र के साथ ही प्राइवेट स्कूलों की मनमानी शुरू

कमीशन के खेल में पिस रहे अभिभावक, सुविधाओं के नाम पर सिर्फ धोखा

शिक्षा अधिकारी की जांच में खुली प्राइवेट स्कूलों की पोल मान्यता रद्द करने की उठी मांग

नारायणगंज। नया शिक्षा सत्र शुरू होते ही क्षेत्र में प्राइवेट स्कूलों की मनमानी एक बार फिर चरम पर पहुंच गई है। स्कूलों द्वारा अभिभावकों से मनमाने ढंग से फीस वसूली जा रही है और शिक्षा को पूरी तरह से व्यवसाय बना दिया गया है। महंगी किताबें और स्कूल ड्रेस के नाम पर हो रही इस खुली लूट से अभिभावक खासे परेशान हैं।

बताया गया कि प्राइवेट स्कूलों में पाठ्य पुस्तक निगम की पुस्तकों के साथ निजी प्रकाशकों की महंगी किताबें भी जबरन थोपी जा रही हैं। इससे न केवल छात्रों के बस्ते का बोझ बढ़ गया है, बल्कि अभिभावकों की जेब पर भी भारी कैंची चल रही है।

उदाहरण के तौर पर कक्षा एक की सरकारी पुस्तक की कीमत मात्र 192 रुपये है, लेकिन इसके साथ 1400 से 1500 रुपये की अन्य प्राइवेट किताबें लेना अनिवार्य कर दिया गया है। आरोप है कि स्कूल के प्रिंसिपल द्वारा अभिभावकों को किताबें, कॉपी और ड्रेस किसी एक तयशुदा दुकानदार से ही खरीदने के लिए बाध्य किया जा रहा है, जो सीधे तौर पर कमीशनखोरी की ओर इशारा करता है।

सुविधाएं नदारद, बिना रसीद के चल रही वसूली

हर साल लाखों रुपये कमाने वाले इन स्कूलों में बच्चों के लिए मूलभूत सुविधाओं का भारी अभाव है। न तो बच्चों के लिए पीने का शुद्ध पानी उपलब्ध है और न ही खेलने के लिए कोई मैदान है। कई स्कूल तो महज़ बंद कमरों में संचालित किए जा रहे हैं। इसके अलावा अभिभावकों से मोटी फीस वसूलने के बावजूद स्कूल प्रबंधन द्वारा उन्हें फीस की पक्की रसीद तक नहीं दी जा रही है।